आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 13.05.2025

समय 0720

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारतीय सशस्त्र बलों का 'ऑपरेशन सिंदूर' केवल एक नाम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की सामूहिक भावनाओं का एक शक्तिशाली प्रतीक है।
- भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच 12 मई को हुई वार्ता में दोनों देशों ने सीमा पर शांति बनाए रखने का संकल्प लिया।
- चमोली के वांण गांव में स्थित सिद्धपीठ लाटू मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा– 2026 में आयोजित होने वाली राजजात को भव्य और दिव्य स्वरुप दिया जाएगा।
- और.... वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए देहरादून के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी सिविल डिफेंस का विस्तार किया जाएगा।

पीएम संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारतीय सशस्त्र बलों का ऑपरेशन सिंदूर केवल एक नाम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की सामूहिक भावनाओं का एक शक्तिशाली प्रतीक है। कल शाम राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने अपना लक्ष्य पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। श्री मोदी ने सशक्त बलों को सलाम करते हुए कहा कि देश की सेना को आतंकियों को मिटाने के लिए खुली छूट दी गई।

राष्ट्र को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने देश की हर बेटी को यह पराक्रम समर्पित किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने आतंक के मुख्यालय को मिट्टी में मिला दिया। भारतीय सेना ने 100 से अधिक दुर्दांत आतंकियों को मार गिराया। पाकिस्तान इस कार्रवाई से घोर निराशा में है।

श्री मोदी ने कहा कि जब देश एकजुट होता है तो फौलादी निर्णय लिए जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर अपनी कार्रवाई रोकी नहीं बल्कि स्थगित की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आंतक पर केवल अपनी शर्तो पर बात करेगा।

## डीजीएमओ वार्ता

भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच 12 मई को हुई वार्ता में दोनों देशों ने सीमा पर शांति बनाए रखने का संकल्प लिया। दोनों पक्षों ने इस बात पर सहमति जताई कि कोई भी पक्ष एक भी गोली नहीं चलाएगा और न ही एक–दूसरे के खिलाफ किसी तरह की आक्रामक या शत्रुतापूर्ण कार्रवाई करेगा।

इसके अलावा, दोनों देशों ने अपनी सेनाओं को सीमा और अग्रिम क्षेत्रों से हटाने के लिए त्वरित कदम उठाने पर भी चर्चा की। यह कदम सीमा पर तनाव को कम करने और शांति बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है।

इससे पहले, दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच पिछली वार्ता 10 मई को हुई थी। उस बातचीत के बाद दोनों देशों ने सीमाओं पर संघर्षविराम (सीजफायर) का एलान किया था।

## सिद्धपीठ लाटू मंदिर

चमोली जिले के वांण गांव में स्थित सिद्धपीठ लाटू मंदिर के कपाट पूरे विधि–विधान से पूजा अर्चना के बाद ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए गए हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लाटू धाम पहुंचकर पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख समृद्धि और कल्याण की कामना की।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में चार धाम के साथ ही तुंगनाथ, रुद्रनाथ, जागेश्वर, आदि कैलाश और आदिबद्री जैसे अनेकों महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं। इसके साथ ही राज्य के छोटे–छोटे मंदिर राज्य की सांस्कृतिक परम्पराओं का संरक्षण करते हैं।

श्री धामी ने कहा कि सरकार उत्तराखण्ड को भारत ही नहीं सम्पूर्ण विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाना चाहते हैं। जिसके लिए सरकार पौराणिक मंदिरों का जीर्णोद्धार, सांस्कृतिक धरोहरों की पहचान कर सरंक्षण करने के साथ ही मंदिरों के आस–पास सुविधाओं का विकास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार चार धाम यात्रा को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी के सहयोग से आगामी 2026 में आयोजित होने वाली राजजात को भव्य और दिव्य स्वरुप दिया जाएगा।

## सिविल डिफेंस विस्तार

वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए देहरादून के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी सिविल डिफेंस का विस्तार किया जाएगा। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों और सेना व अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके लिए श्री बर्द्धन ने गृह सचिव से राज्य के ऐसे जिलों व क्षेत्रों को चिह्नित करने को कहा, जिन्हें सिविल डिफेंस के रूप में अधिसूचित किया जा सके।

बैठक में वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए भविष्य के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने और विभिन्न आपदाओं के दौरान त्वरित व प्रभावी प्रतिक्रिया समेत अन्य विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य सचिव ने आपात स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न विभागों व एजेंसियों की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में स्थापित अन्य विभागों के कंट्रोल रूम नियमित रूप से एसईओसी के साथ सूचनाएं साझा करेंगे। मुख्य सचिव ने संचार व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए और साइबर वारफेयर से निपटने के लिए आईटी विभाग को हर समय अलर्ट रहने को कहा। इसके अलावा मुख्य सचिव ने राज्य के हेलीपैड, छोटे एयरपोर्ट व बांधों की सुरक्षा व्यवस्था भी पुख्ता रखने के निर्देश दिए।

## और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसी खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है– परमाणु ब्लैकमेल नहीं सहेंगे। अमर उजाला समाचार पत्र ने लिखा है– पाकिस्तान से बात होगी तो सिर्फ आंतकवाद और पीओके पर ही.. पानी व खून साथ नहीं बह सकता। पीएम मोदी के हवाले से दैनिक जागरण लिखता है– ट्रेड – टेरर – टाक एक साथ नहीं, बात आतंकवाद व पीओजेके पर परमाणु धमकी नहीं सहेगा भारत।

प्रदेश में संचालित चारधाम यात्रा पर दैनिक जागरण समाचार पत्र लिखता है– अब केदारपुरी में ठहर सकेंगे 30 हजार तीर्थयात्री।

नवोदय टाइम्स ने इसरो प्रमुख के हवाले से लिख है– 10 उपग्रह 24 घंटे कर रहे हैं निगरानी।

सीमा पर तनाव घटा शेयर बाजार झूमाः राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी